


## दिनांक 08.11.2024 को चलायी जा रही विशेष रेलगाड़ियाँ

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| **आंध्र प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08520 | विशाखापत्तनम जं. | 09:10 | दानापुर |
| 08536 | विशाखापत्तनम जं | 12:00 | भुवनेश्वर |
| 07654 | तिरुपति | 20:05 | काचीगुडा |
| 07605 | तिरुपति | 12:30 | अकोला |
| 07445 | काकीनाडा | 21:10 | लिंगमपल्ली |
| 07153 | नरसापुर | 15:50 | सर एम. विश्वेश्वरैया (ट) |
| **असम से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार (ट) |
| 05627 | गुवाहाटी | 13:15 | अगरतला |
| **बिहार से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| BR | समस्तीपुर जं. | 23:20 | लोकमान्य तिलक (ट) |
| 01482 | दानापुर | 10:45 | पुणे जं. |
| 01144 | दानापुर | 21:30 | लोकमान्य तिलक (ट) |
| 01102 | दानापुर | 21:30 | लोकमान्य तिलक (ट) |
| 01206 | दानापुर | 5:30 | पुणे जं. |
| 02393 | पटना जं. | 20:10 | नई दिल्ली जं. |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) |
| 05585 | रक्सौल जं. | 16.55 | लोकमान्य तिलक (ट) |
| 05283 | मुज़फ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) |
| 03241 | दानापुर | 15:00 | सर एम. विश्वेश्वरैया (ट) |
| 03120 | दरभंगा जं. | 23:30 | सियालदह |
| 05049 | छपरा जं. | 09:55 | अमृतसर जं. |
| 05744 | छपरा जं. | 04:30 | कटिहार जं. |
| 04645 | बरौनी जं. | 15:15 | जम्मू तवी |
| 04031 | सहरसा जं. | 13:00 | आनंद विहार (ट) |
| 4057 | मुज़फ्फरपुर जं. | 23:00 | आनंद विहार (ट) |
| 02269 | छपरा जं. | 22:20 | लखनऊ |
| 04027 | जयनगर | 22:30 | आनंद विहार (ट) |
| 04673 | जयनगर | 18:40 | नई दिल्ली जं. |
| 04683 | सहरसा जं. | 08:00 | नई दिल्ली जं. |
| 07008 | रक्सौल जं. | 19:15 | सिकंदराबाद जं. |
| 07022 | दानापुर | 22:30 | सिकंदराबाद जं. |
| 06060 | बरौनी जं. | 23:45 | कोयंबटूर जं. |
| 06252 | मुज़फ्फरपुर जं. | 10:00 | यशवंतपुर जं. |
| 06250 | दानापुर | 18:10 | बेंगलुरु सिटी जं. |
| 09804 | दानापुर | 20:00 | कोटा |
| 09344 | पटना जं. | 21:30 | डॉ. अंबेडकर नगर |
| 9034 | बरौनी जं. | 09:25 | उधना |
| **छत्तीसगढ से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 07024 | रायपुर जं. | 13:45 | सनत नगर |
| 08295 | बिलासपुर जं. | 14:00 | हडपसर |
| **दिल्ली से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया |
| 02394 | नई दिल्ली जं. | 13:20 | पटना जं. |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:20 | पटना जं. |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 08:00 | मुज़फ्फरपुर जं. |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. |
| 03414 | नई दिल्ली जं. | 10:30 | मालदा टाउन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज |
| 05672 | आनंद विहार (ट) | 23:45 | गुवाहाटी |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट |
| 04060 | आनंद विहार (ट) | 10:30 | जयनगर |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा जं. |
| 04022 | आनंद विहार (ट) | 11:40 | सीतामढ़ी जं. |
| 04048 | आनंद विहार (ट) | 15:20 | कटिहार जं. |
| 04005 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर |
| 02252 | नई दिल्ली जं. | 07:25 | पटना जं. |
| **गुजरात से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08472 | उधना जं. | 17:00 | पूरी |
| 04714 | वलसाड | 13:05 | बीकानेर जं. |
| 09425 | साबरमती | 18:45 | हरिद्वार जं. |
| 09063 | वापी | 22:00 | दानापुर |
| 09117 | सूरत | 06:00 | सूबेदारगंज |
| 09045 | उधना जं. | 08:35 | पटना जं. |
| 09569 | राजकोट | 12:50 | बरौनी जं. |
| 09557 | भावनगर (ट) | 15:15 | दिल्ली छावनी |
| **हरियाणा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. |
| **झारखंड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02831 | धनबाद | 16:00 | भुवनेश्वर |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनंद विहार (ट) |
| 08183 | टाटा | 22:40 | बक्सर |
| **कर्नाटक से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03246 | बक्सर | 23:50 | दानापुर |
| **केरल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 07194 | कोल्लम जं. | 02:30 | सिकंदराबाद जं. |
| 06085 | एर्नाकुलम जं. | 23:00 | पटना जं. |
| 06081 | कोचुवेलि | 16:20 | शालीमार |
| 06071 | कोचुवेलि | 14:15 | हज़रत निज़ामुद्दीन |
| **ओडिशा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02832 | भुवनेश्वर | 20:55 | धनबाद जं. |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन |
| 08419 | पुरी | 13:30 | जयनगर |
| 08535 | भुवनेश्वर | 22:30 | विशाखापत्तनम जं. |
| 08567 | विशाखापत्तनम जं. | 10:00 | विजयवाड़ा जं. |
| 03229 | पुरी | 14:55 | पटना |
| 03102 | पुरी | 15:15 | कोलकाता चितपुर |
| 09060 | ब्रह्मपुर | 04:30 | सूरत |
| **महाराष्ट्र से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01481 | पुणे जं. | 19:55 | दानापुर |
| 01143 | लोकमान्य तिलक (ट) | 10:30 | दानापुर |
| 01202 | पुणे जं. | 15:50 | नागपुर जं. |
| 02140 | नागपुर जं. | 13:30 | लोकमान्य तिलक (ट) |
| 01105 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) | 00:30 | लातूर |
| 01106 | लातूर | 16:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) | 22:30 | गोरखपुर जं. |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निज़ामुद्दीन |
| 01205 | पुणे जं. | 15:50 | दानापुर |
| 01179 | लोकमान्य तिलक (ट) | 08:20 | सावंतवाड़ी रोड |
| 01180 | सावंतवाड़ी रोड | 22:20 | लोकमान्य तिलक (ट) |
| 01025 | दादर | 14:05 | बलिया |
| 05030 | बांद्रा (ट) | 07:10 | गोरखपुर जं. |
| 09626 | दौण्ड जं. | 23:10 | अजमेर जं. |
| 04720 | पुणे जं. | 14:00 | हिसार जं. |
| 07189 | हजूर साहिब नांदेड़ | 14:20 | ईरोड |
| 09207 | बांद्रा (ट) | 09:30 | भावनगर (ट) |
| 09049 | दादर | 00:15 | भुसावल |
| 09050 | भुसावल | 17:40 | दादर |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जं. |
| **मध्य प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01929 | ग्वालियर जं. | 13:00 | पुरी |
| 01705 | जबलपुर जं. | 19:35 | दानापुर जं. |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हज़रत निज़ामुद्दीन |
| 09313 | उज्जैन जं. | 21:00 | भोपाल जं. |
| 09314 | भोपाल जं. | 02:10 | उज्जैन जं. |
| **पंजाब से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. |
| 04530 | बठिंडा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. |
| 04554 | अंबाला छावनी जं. | 20:20 | सहारनपुर जं. |
| **राजस्थान से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 04706 | जयपुर जं. | 13:05 | श्री गंगानगर जं. |
| 04705 | श्री गंगानगर जं. | 23:45 | जयपुर |
| 09721 | जयपुर जं. | 06:15 | उदयपुर शहर |
| 09722 | उदयपुर शहर | 15:05 | जयपुर जं. |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. |
| 09733 | जयपुर जं. | 07:00 | भिवानी जं. |
| 09734 | भिवानी जं. | 16:05 | जयपुर जं. |
| 04807 | जोधपुर जं. | 16:30 | पुणे जं. |
| 09008 | भिवानी जं. | 14:45 | वलसाड |
| **तमिलनाडु से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01928 | मदुरै जं. | 23:35 | कानपुर सेंट्रल |
| 07696 | रामनाथपुरम | 09:50 | सिकंदराबाद जं. |
| 06063 | कोयंबटूर जं. | 11:50 | धनबाद जं. |
| 06069 | चेन्नै एग्मोर | 15:00 | तिरुनेलवेली जं. |
| 09519 | मदुरै जं. | 01:15 | ओखा |
| **त्रिपुरा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 07029 | अगरतला | 06:10 | सिकंदराबाद जं. |
| **तेलंगाना से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08568 | विजयवाड़ा जं. | 08:35 | विशाखापत्तनम जं. |
| 07255/ 07256 | हैदराबाद/ सिकंदराबाद | 22:50 / 21:00 | पटना जं. |
| 07027 | सिकंदराबाद | 20:15 | ब्रह्मपुर |
| 07115 | हैदराबाद | 20:20 | जयपुर जं. |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर जं. |
| 07435 | काचीगुडा | 19:45 | नागरकोविल जं. |
| 07223 | सिकंदराबाद | 07:05 | सांतरागाछी जं. |
| **उत्तराखंड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराई |
| 04314 | हरिद्वार जं. | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं. |
| 04372 | देहरादून | 18:15 | लखनऊ जं. |
| 04822 | हरिद्वार जं. | 04.40 | भगत की कोठी |
| **उत्तर प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) |
| 01026 | बलिया | 15:15 | दादर सेंट्रल |
| 03122 | गोरखपुर जं. | 11:30 | सियालदह |
| 02417 | प्रयागराज जं. | 21:30 | दिल्ली जं. |
| 04195 | आगरा छावनी | 05:00 | फारबिसगंज जं. |
| 05053 | गोरखपुर जं. | 09:30 | बांद्रा टर्मिनस |
| 05115 | छपरा जं. | 22:30 | उधना जं. |
| 02587 | गोरखपुर जं. | 21:10 | लोकमान्य तिलक (ट) |
| 05634 | गोरखपुर जं. | 20:40 | नारंगी |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:20 | दिल्ली जं. |
| 04519 | गोरखपुर जं. | 22:05 | चंडीगढ़ जं. |
| 04553 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला छावनी जं. |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ जं. |
| 04218 | लखनऊ जं. | 16:30 | वाराणसी जं. |
| 02270 | लखनऊ जं. | 14:15 | छपरा जं. |
| 04371 | लखनऊ जं. | 13:10 | देहरादून |
| 04830 | गोरखपुर जं. | 23:25 | जोधपुर जं. |
| 07652 | छपरा जं. | 22:15 | जालना |
| 09184 | वाराणसी जं. | 14:30 | मुंबई सेंट्रल |
| 09062 | गाजीपुर शहर | 09:30 | उधना जं. |
| **पश्चिम बंगाल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03575 | आसनसोल जं. | 10:15 | आनंद विहार (ट) |
| 03425 | मालदा टाउन | 17:30 | पुणे जं. |
| 03119 | सियालदह | 09:00 | दरभंगा जं. |
| 05059 | हावड़ा जं. | 23:30 | लालकुआं जं. |
| 5697 | न्यू जलपाईगुड़ी जं. | 11:15 | गुवाहाटी |
| 05640 | कोलकाता चितपुर | 15:00 | सिलचर |
| 04311 | हावड़ा जं. | 19:00 | हरिद्वार जं. |
| 08845 | सांतरागाछी जं. | 14:55 | सिकंदराबाद जं. |
| 06096 | सांतरागाछी जं. | 23:40 | ताम्बरम |

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें: /RailMinIndia

# कोटा मंडल को 112 करोड़ की राजस्व प्राप्ति

**कोटा,** (निसं)। मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन, वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी तारतम्य में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 के अक्टूबर माह में मण्डल को कुल रुपये 112 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। इस वित्तीय वर्ष के अक्टूबर में 22.89 लाख यात्रियों ने मंडल के विभिन्न स्टेशनों से यात्रा किया जिसमे अनारक्षित कोच से यात्रा करने वालों की संख्या 17.31 लाख एवं आरक्षित कोच से यात्रा करने वालों की संख्या 5.58 लाख है। इससे रेलवे को 40.71 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त अन्य कोचिंग से रुपये 2.89 करोड़, माल परिवहन से रुपये 65.93 करोड़, विविध आय से रुपये 2.47 करोड़ का राजस्व अर्जित हुआ।

# 'किराए पर रहने वाले कॉलेज छात्रों को हर माह दो हजार रूपए मिलेंगे'

■ 30 नवम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। विभिन्न वर्गों के लिए कई लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।

घर से दूर दूसरे शहर में किराए का कमरा लेकर कॉलेज की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए भी ऐसी की एक योजना है "अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना" जिसमें राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कर रहे छात्रों को रहने, खाने एवं बिजली, पानी जैसी सुविधाओं के लिए प्रतिमाह 2 हजार रूपये एवं प्रतिवर्ष अधिकतम 10 हजार रूपये मिलेंगे।

योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 30 नवंबर, 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत जिला मुख्यालयों पर संचालित समस्त राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (केवल कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय हेतु) में अध्ययनरत छात्रों को आवास, भोजन, बिजली, पानी इत्यादि सुविधाओं के लिए प्रवेश की तिथि से मार्च माह तक 2 हजार रूपए प्रतिमाह अधिकतम 10 हजार रूपए प्रतिवर्ष पुनर्भरण राशि देय होगी।

योजना में एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस एवं अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, जैन, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी) के विद्यार्थी जो घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किराए पर लेकर, पेइंग गेस्ट के रूप में अध्ययन करते हैं, उनके लिए आवास, भोजन, बिजली, पानी आदि सुविधाओं के लिए पुनर्भरण राशि दी जाती है।

अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना का लाभ लेने वाला छात्र राजस्थान का मूल निवासी होना जरूरी है। छात्र के माता-पिता की वार्षिक आय का निर्धारण विभाग की ओर से संचालित मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अनुरूप एसी, एसटी, एसीबीसी के लिए 2.50 लाख रुपए, ओबीसी के लिए 1.50 लाख रुपए, ईडब्ल्यूएस के लिए 2 लाख रुपए निर्धारित की गई है। छात्र जहां पढ़ रहा है उस शहर में उसके माता-पिता का मकान होगा तो वह इस योजना का पात्र नहीं होगा।

सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण-पत्र, जिला मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत् होने का प्रमाण पत्र, स्व-प्रमाणित किराये के मकान का प्रमाण पत्रधकिराये के रसीद की प्रति, गत वर्ष उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका की प्रति, उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी का आधार संख्या, अभ्यर्थी की जाति, परिवार की आय, अभ्यर्थी स्वयं का बैंक खाता संख्या, आदि अभ्यर्थी के जनाधार वैब सर्विस के माध्यम से ऑनलाईन लिया जा रहा है। आवेदन ई-मित्र/एसएसओ आईडी के माध्यम से कर सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए आवेदन प्रक्रिया 30 अक्टूबर से ऑनलाइन पोर्टल पर शुरू की गई है। यह प्रक्रिया 30 नवंबर तक चलेगी।

# चम्बल के उद्गम जानापाव पहाड़ी पर जलाभिषेक एवं गायत्री यज्ञ

**कोटा,** (निसं)। गत दिनों मध्य प्रदेश में महू के पास स्थित विंध्याचल पर्वतमाला से जुड़े जानापाव पहाड़ पर भगवान परशुराम के जन्म स्थल पर महादेवजी पर दुग्धाभिषेक किया गया एवं गायत्री मंत्रोच्चार से यज्ञ में आहुतियां डाली गई।

चंबल संसद के संयोजक बृजेश विजयवर्गीय ने बताया कि चंबल यमुना की मिलन स्थल इटावा उत्तरप्रदेश से नदी की परिक्रमा कर रहे युवा पदयात्री रोबिन सिंह, स्वामी तेजोमायावन, रामधीर सिंह द्वारा संचालित किया जा रहे श्नदियां हमारे जीवन रेखा-अभियान में भागीदारी की। इस अवसर पर महू की विधायक ऊषा ठाकुर ने चंबल की दुर्दशा पर आयोजित परिचर्चा में भाग लिया। ठाकुर ने कहा कि विकास और निर्माण कार्यों से चंबल के उद्गम और बहाव क्षेत्र को मुक्त रखे जाने का गंभीरता से प्रयास होगा।

स्थानीय सरपंच पवन चौधरी ने परशुराम कुटी एवं जनकेश्वर महादेव मंदिर चंबल का उद्गम स्थल को पूरे देश में प्रचारित किया जाना चाहिऐं। यहां की स्थानीय जनता भी इस अभियान में पूरी तरह मदद करेगी।

यज्ञ के दौरान पंडित ओमप्रकाश व्यास एवं स्वामी हीरानंद ने कहा कि भगवान परशुराम का जो संकल्प था, उन बुराईयों को नष्ट कर चंबल के संरक्षण का व्रत लेना चाहिए। यज्ञ आचार्य पंडित कमलेश शास्त्री ने नदी के उद्गम स्थल को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने की आवश्यकता पर जोर दिया उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल से चंबल को बचाने की पहल हो रही है उसका बड़ा महत्व है।

कौशिक गायत्री परिवार बोरखेड़ा कोटा के संचालक यज्ञदत्त हाड़ा ने कहा कि चंबल के किनारे जिन सभ्यताओं का विकास हुआ वहीं पर चंबल सबसे ज्यादा प्रदूषित है। बृजेश विजयवर्गीय ने कहा कि 960 किलोमीटर में चम्बल संसद उन सभी स्थानों पर जागृति का प्रयास कर रही है जहां पर चंबल सर्वाधिक अतिक्रमण, शोषण और प्रदूषण की शिकार है वहां व्यापक जन जागृति के कार्यक्रम हाथ में ले रही है। पूर्व पार्षद युधिष्ठिर चानसी ने रोबिन सिंह एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चंबल की परिक्रमा कर यह युवा सन्यासी समाज में जन जागृति का प्रयास कर रहे हैं शासन को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। चंबल उद्गम अभियान में इटावा के समाजसेवी विमल भदोरिया, ओम भदोरिया, कोटा के प्रगतिशील किसान राम निवास राठौड़, लटूर लाल डैनी, युवा कार्यकर्ता मनीष चानसी आदि ने अभियान में सक्रिय भागीदारी की। चानसी ने बताया कि आगामी 20 नवंबर के आसपास पैदल यात्रियों की परिक्रमा चंबल के दूसरे छोर बूंदी जिला के केशवराय पाटन घाट पर पहुंचेगी यहां पर एक बड़ी सभा में रॉबिन सिंह एवं चंबल संसद के लोगों का अभिनंदन किया जाएगा।

इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा एवं जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। रोबिन सिंह ने बताया की यात्रा का समापन दिसंबर के पहले सप्ताह में इटावा में होगा। जहां पर विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी।

# कोटा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। रानपुर स्थित कोटा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें नए छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नृत्य, गायन और रैंप वॉक शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें फर्स्ट ईयर छात्रों ने अपने अद्भुत डांस मूव्स से सभी छात्र, छात्राओं का मन मोह लिया। इसके बाद, गायन प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रैंप वॉक में नए छात्रों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस दौरान बी फामेर्सी में मिस फ्रेशर का खिताब किरण कुमारी ने जीता, जबकि मिस्टर फ्रेशर का खिताब मोहम्मद फरहान अब्बासी एवं डी फार्मेसी मे मिस्टर फ्रेशर का खिताब सागर सिंह ने अपने नाम किया। विजेताओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। कॉलेज के चेयरमैन, प्रोफेसर आर.ए.गुप्ता ने नए छात्रों का स्वागत करते हुए कहा की मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है।

## कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर

क्रमांक :- ननिको(उ)/गैरिज/2024/524-537 दिनांक : 06.11.2024

**ई-निविदा-सूचना**

ई-निविदा पद्धति से नगर निगम कोटा उत्तर के गैरिज अनुभाग मे वाहन चलाने हेतु वाहन चालक (हल्का वाहन/भारी वाहन/ऑपरेटर) एवं हेल्पर व कनिष्ठ तकनीकी सहायक की आपूर्ति कार्य के लिए योग्य संवेदकों से ई-निविदा पद्धति से नियमानुसार ऑनलाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निविदा प्रपत्र व शर्ते नगर निगम की वेबसाईट राजस्थान के पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in, www.kotamc.org प्राप्त कर सकेगें।

अनुमानित राशि :- 117.90 लाख

U.B.N. No. WORK-1) DLB2425SLOB11581
U.B.N. No. WORK-2) DLB2425SLOB11582
U.B.N. No. WORK-3) DLB2425SSOB11583

आयुक्त
नगर निगम कोटा उत्तर

राज.संवाद/सी/24/7445

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता परियोजना का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। उद्यानिकी में नवाचार और अत्याधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समुदाय आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) समाधान परियोजना का शुभारंभ सांगोद ब्लॉक में किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उन्नत कृषि के प्रति दूरदर्शी दृष्टिकोण के तहत इस परियोजना को साकार किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य जल संसाधनों की बचत करते हुए अधिक पैदावार को बढ़ावा देना है, जिससे कृषक अधिक लाभ कमा सकें।

मुख्यमंत्री का यह कदम न केवल प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि विकसित भारत के संकल्प में भी अहम योगदान देगा। उनकी इस सोच से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि का विकास होगा, जिससे प्रदेश में समृद्धि और खुशहाली का नया दौर शुरू होगा। उपनिदेशक उद्यानिकी विभाग एनबी मालव ने बताया कि इस परियोजना के तहत किसानों को सटीक मौसम, जल प्रबंधन, पोषक तत्वों की मांग आदि की जानकारी तथा डिजिटल माध्यमों से सलाह प्रदान की जाएगी। इसके लिए क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञ फर्मों की सहायता ली जाएगी, जो किसानों को एआई तकनीक से जोड़ेंगी।

# आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना इलाके में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर अवैध छुर्रा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। नांता थाने के उपनिरीक्षक नवल किशोर शर्मा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की करणी माता मंदिर के समीप एक व्यक्ति खड़ा है जो पत्थर मंडी से बड़गांव की और जा रहा है जिसके पास एक अवैध छुर्रा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से तेज धारदार छुर्रा प्राप्त हुआ आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुये बालिता रोड बाबरी बस्ती निवासी गोपाल को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# जागरुकता दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर गुरूवार को जिले के राजकीय चिकित्सा संस्थानों में कैंसर आईईसी जागरूकता और स्कीनिंग शिविर आयोजित हुए। सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के तहत 30 प्लस आयु की महिलाओं की दो कॉमन कैंसर स्तन व सर्वाइकल कैंसर की स्कीनिंग के लिए 'स्वस्थ नारी चेतना अभियान' भी शुरू हुआ।

